कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
गांधी चौक के पास नया मुख्यालय भवन रायपुर
फोन नं. : 2535780, 90, फैक्स : 0771–2227395, E - mail -: dc_rmc@rediffmail.com

क्रमांक /5213/ न.पा.नि. / PMAY-HFA / 2023 रायपुर, दिनांक 04/01/2023

"द्वितीय दावा आपत्ति उपरांत अंतिम सूची का प्रकाशन"

नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक ए.एच.पी. अंतर्गत् स्वीकृत परियोजना 754 अंतर्गत कचना में निर्मित/निर्माणाधीन 290 फ्लैटों में से "मोर मकान–मोर आस" योजना के अतंर्गत् 290 नग फ्लैट आबंटन हेतु इस कार्यालय द्वारा जारी विज्ञापन क्र. 01/2022, दिनांक 18/05/2022 के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया था।

प्रथम चरण में इस परियोजना हेतु कुल विज्ञापित 290 फ्लैटों के विरूद्ध प्राप्त 186 आवेदनों में से 62 आवेदन पात्र एवं 124 आवेदन अपात्र पाये गये थे। द्वितीय चरण में शासन के आदेशानुसार अनाबंटित शेष आवासो के आबंटन हेतु इस कार्यालय के आम सूचना पत्र क्रमांक 5083 दिनांक 17.11.2022 जारी कर दिनांक 18.11.2022 से 08.12.2022 तक द्वितीय दावा–आपत्ति आमंत्रित कि गयी थी। जिसमें मूल निवासी प्रमाण पत्र में छूट दिया जाकर इस परियोजना हेतु प्राप्त 186 आवेदनों में से उपरोक्तानुसार अपात्र कुल 124 आवेदनों में 68 आवेदन पात्र पाये गये है। जिनकी सूची ऑनलाईन नगर पालिक निगम, रायपुर की वेबसाईट www.nagarnigamraipur.nic.in के "शीर्षक" "मोर मकान–मोर आस आवेदन" में सर्वसाधारण के अवलोकन हेतु जारी की जा रही है। अंतिम सूची के समस्त पात्र 68 हितग्राहियों को सूचित किया जाता है, कि आवास आबंटन हेतु मुख्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर के कक्ष क्र. 414 में दिनांक 20/01/2023 तक आवश्यक रूप से उपस्थित होकर हितग्राही अंशदान जमा करना सुनिश्चित करें।

हितग्राही द्वारा, हितग्राही अंशदान की राशि जमा किये जाने के उपरांत ही लॉटरी के माध्यम से ब्लॉक एवं फ्लैट नम्बर प्रदान किया जावेगा।

नोडल अधिकारी
प्रधानमंत्री आवास योजना
नगर पालिक निगम, रायपुर